(NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य भारत का योगदान पर हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी बुधवार को

वर्धा, 8 अगस्त 2017: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में बुधवार, 9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन में मध्य भारत का योगदान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग की ओर से गालिब सभागार में प्रात: 10.30 बजे से आयोजित उदघाटन समारोह में संस्कृति विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. एल. कारुण्यकरा की विशेष उपस्थिति रहेगी। वक्ता के रूप में इटारसी के शासकीय महिला महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. आर. सी. मेहरा, विवि के जनसंचार विभाग के प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी, हुतात्मा स्मारक समिति आष्टी के अध्यक्ष अरविंद मालपे, यशवंत कॉलेज, वर्धा के प्रा. वीरेंद्र सिंह बैस उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आहवान प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी एवं आयोजन सचिव सहायक प्रोफेसर राकेश मिश्र ने की है। उदघाटन के बाद प्रो. मनोज कुमार, संकायाध्यक्ष मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ की अध्यक्षता तथा प्रा. वीरेंद्र सिंह बैस की सह अध्यक्षता में सत्र होगा तथा द्वितीय तकनीकी सत्र गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी की अध्यक्षता में होगा। सत्र की सहअध्यक्षता प्रो. आर. सी. मेहरा करेंगे। संगोष्ठी का समापन कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में होगा जिसमें अरविंद मालपे विशेष आमंत्रित वक्ता होंगे। आयोजन की सफलता के लिए डॉ. मनोज कुमार राय, डॉ. डी. एन. प्रसाद तथा डॉ. चित्रा माली प्रयासरत है।

---

## भारत छोडो आंदोलनात मध्य भारताचे योगदान हिंदी विश्वविद्यालयात राष्ट्रीय चर्चासत्र बुधवारी

वर्धा, 8 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात बुधवार, 9 ऑगस्ट रोजी भारत छोडो आंदोलनात मध्य भारताचे योगदान या विषयावर राष्ट्रीय चर्चासत्र आयोजित आहे. उदघाटन कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र राहतील. गांधी व शांती अध्ययन विभागाच्या वतीने गालिब सभागृहात सकाळी 10.30 वा. उदघाटन होईल. यावेळी संस्कृती विद्यापीठाचे संकायाध्यक्ष प्रो. एल. कारुण्यकरा यांची विशेष उपस्थिती असेल. वक्ता म्हणून इटारसी येथील शासकीय महिला महाविद्यालयात राजकीय शास्त्र विभागाचे अध्यक्ष प्रो. आर. सी. मेहरा, जनसंचार विभागाचे प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी, हुतात्मा स्मारक समिती आष्टीचे अध्यक्ष अरविंद मालपे, वर्धेतील यशवंत कॉलेजचे प्रा. वीरेंद्र सिंह बैस उपस्थित राहतील.

प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी व आयोजन सचिव सहायक प्रोफेसर राकेश मिश्र यांनी चर्चासत्राला उपस्थित राहण्याचे आवाहन केले आहे. उदघाटनानंतर प्रो. मनोज कुमार, संकायाध्यक्ष मानविकी व सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ यांच्या अध्यक्षेतेखाली तथा प्रा. वीरेंद्र सिंह बैस यांच्या सह अध्यक्षतेत सत्र होईल. गांधी व शांती अध्ययन विभागाचे अध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी यांच्या अध्यक्षतेखाली तसेच प्रो. आर. सी. मेहरा यांच्या सहअध्यक्षतेत दूसरे सत्र होईल. समारोप कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्या अध्यक्षतेखाली होईल. यावेळी अरविंद मालपे विशेष आमंत्रित वक्ता असतील. आयोजनासाठी डॉ. मनोज कुमार राय, डॉ. डी. एन. प्रसाद तथा डॉ. चित्रा माली प्रयास करत आहेत.